# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - धौलाना** **दिनांक 30.08.2025**

## "थाना धौलाना पुलिस व जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा"

- **थाना धौलाना पुलिस व जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत 03 दिन पूर्व ग्राम उदयरामपुर के बम्बे में मिले एक अज्ञात महिला के शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 महिला अभियुक्ता सहित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार एवं घटना में संलिप्त एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया।**
- **जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मैक्स पिकअप बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण ने अभियुक्ता बबली के प्रेमी गौरव से मृतका के अवैध सम्बन्धों के चलते गला दबाकर की थी सुशीला की हत्या।**

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 27.08.2025 को थाना धौलाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम उदयरामपुर के बम्बे में एक अज्ञात महिला का शव मिला था, उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था तथा शव की शिनाख्त कर घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/अनावरण करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे।

**कार्यवाहीः-**




हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस व जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना धौलाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 234/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 02 महिला अभियुक्ता सहित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है एवं घटना में संलिप्त एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मैक्स पिकअप बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्ता बबली ने पूछताछ करने पर बताया कि विगत एक वर्ष से मृतका सुशीला के संबंध गौरव निवासी महाराणा बिहार, बिहारीपुरा गाजियाबाद से थे एवं इसी गौरव के सम्बन्ध मुझसे भी पिछले 05 वर्षों से थे। जब मुझे गौरव के संबंध सुशीला से होना पता चला तो दिनांक 26-08-2025 की शाम को करीब 8:30 बजे योजना के तहत मैंने अपनी पंद्रह वर्षीय पुत्री एवं दोस्त सुमन के साथ मिलकर सुशीला को क्रॉसिंग चौक गाजियाबाद पर बुलाया और घूमने के बहाने सुमन के भतीजे विपिन की मैक्स पिकअप में पीछे बैठकर घूमने निकल गए और सुनसान स्थान पर हमने पिकअप मे ही सुशीला का गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव को ग्राम उदय रामपुर नगला के बम्बे मे फैंक दिया था।

**गिरफ्तारी का स्थानः-** अभियुक्तगण के मस्कन से, *दिनांक-* 30.08.2025

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

1. विपिन पुत्र कालू यादव निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ हालपता सेन बिहार विजयनगर बाईपास थाना रिपब्लिक क्रासिंग जनपद गाजियाबाद।
2. बबली पत्नि स्व0 सोमवीर निवासी ग्राम धतूरी थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर हालपता सेन बिहार थाना रिपब्लिक क्रासिंग जनपद गाजियाबाद।
3. सुमन पत्नि राकेश यादव निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ हाल पता सेन बिहार विजयनगर बाईपास थाना रिपब्लिक क्रासिंग जनपद गाजियाबाद।
4. एक बाल अपचारी।

**बरामदगी का विवरणः-**

घटना मे प्रयुक्त मैक्स पिकअप रजि0 नं0 UP 81 FT 4667

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

| *थाना धौलाना टीम* | *जनपदीय स्वाट टीम* |
|---|---|
| 1. प्रभारी निरीक्षक श्री देवेन्द्र सिंह बिष्ट थाना धौलाना जनपद हापुड़।<br>2. निरीक्षक श्री ओमप्रकाश सिंह<br>3. म0उ0नि0 रक्षा सिंह<br>4. है0का0 653 आदेश कुमार<br>5. है0का0 763 परीक्षित राणा<br>6. का0 212 सचिन कुमार<br>7. का0 874 मोनू कुमार<br>8. म0का0 306 शीतल चौहान | 1. निरीक्षक श्री सुनील कुमार प्रभारी स्वॉट टीम जनपद हापुड।<br>2. उ0नि0 श्री पारस मलिक<br>3. उ0नि0 श्री नसीम खान<br>4. है0का0 932 नीरज कुमार<br>5. है0का0 839 संजीव कुमार<br>6. है0का0 816 नीरज कुमार<br>7. है0का0 472 सोनू<br>8. है0का0 706 कुलदीप<br>9. है0का0 696 अमित कुमार<br>10. है0का0 815 राहुल कुमार<br>11. है0का0 714 रविन्द्र कुमार<br>12. है0का0 627 परबली तोमर<br>13. है0का0 697 विशाल चौहान<br>14. है0का0 600 निर्दोष शर्मा<br>15. है0का0 116 राजीव कुमार |